

# विहिप स्थापना दिवस में हुआ प्राकृतिक बाढ़ आपदा राहत यज्ञ

## विहिप की स्थापना दिवस के अवसर पर निकली भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी की भव्य शोभायात्रा



नवभारत न्यूज

**सतना 4 सितंबर, विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर में भव्य शोभा यात्रा बिहारी जी के मंदिर बिहारी चौक से निकाली गई, शोभा यात्रा शहर के भिन्न-भिन्न मार्गों से होते हुए टाउन हाल सुभाष पार्क में भगवान श्री कृष्ण की सजीव झांकी की आरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुई.**

विश्व हिंदू परिषद की स्थापना श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई के संदीपनि आश्रम में 1964 में हुई थी प्रार्थना और बाढ़ आपदा राहत के लिए हवन यज्ञ किया गया कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार कार्यक्रम संयोजक अशोक अग्रवाल और विभाग मंत्री विपिन सिंह ने किया ।

बाढ़ आपदा राहत यज्ञ में मुख्य यजमान कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ दीपक सोई रहे। शोभा यात्रा में समाज की झांकियां समरसता का संदेश दे रही थी तो वहीं मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी की बहने भगवा ध्वज लहराते हुए गगन भेदी जयकारों के साथ शोभा यात्रा का मांन बड़ा रही थी मानो पूरा शहर कृष्णमय की भक्ति मे भक्तिमय हो गया हो झाकियों में भगवा फोर्स, कायस्थ समाज, अमर नेत्र ज्योति, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, सिंधु विकास समिति, यादव समाज संगठन, के अलावा सिद्धार्थनगर से आदर्श त्रिपाठी, दुर्गा वाहिनी से मेघा तिवारी, बंधवगढ़ कॉलोनी से विकास तिवारी, वेंकट क्रमांक दो से ऋषभ शुक्ला, टिकुरिया टोला से बादल चतुर्वेदी, अश्वनी दहिया, राजेंद्र नगर से विवेक यादव, खूथी से राकेश मिश्रा, कमलेश दहिया, वाल्मीक कालोनी से सूजल वाल्मीक, मारुति नगर से आयुष तिवारी, ऋषभ गौतम, सिंधु विकास समिति से विनोद गैलानी की झांकियां व विकास तिवारी की झांकी में शामिल किसानों के टैक्टर ने लोगों का ध्यान खींचा शोभा यात्रा में कई झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा में जगह जगह पुष्प वर्षा व स्वल्पाहार से शोभा यात्रा का स्वागत किया गया स्वागत करने वालों में गौरी ज्वेलर्स, वैश्य परिषद, इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन, जनरल मर्चेंट एसोसिएशन, पन्नीलाल व्यापारी संघ, कायस्थ समाज, शिवा चतुर्वेदी मित्र मंडल, भारतीय सिंधु सभा, जैन समाज, कसौंधन समाज, खिल्लु ज्वेलर्स, डब्बू स्वाति गुप्ता, खड़े केसरवानी वैश्य समाज सहित कई जगह स्वागत किया गया।

### शोभायात्रा में इनकी रही उपस्थिति

शोभायात्रा में मुख्य रूप से महापौर योगेश ताम्रकार, तुम्हें जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी, अशोक अग्रवाल, डाली बाबा महंत पीयूष जी महाराज, लखन केशवानी, जितेंद्र जैन, मणिकांत माहेश्वरी, मनमोहन माहेश्वरी, योगेश तिवारी, नरेश शुक्ला, राज बहादुर मिश्रा, बबलू श्रीवास्तव, देवेंद्र सत्यवानी, रावेंद्र सिंह, अमित सोनी, रामावतार चमड़िया, पंडित राजेश दुबे, कमलजीत सिंह सेठी, विभाग बनर्जी, सौभाग्य केसरी, अंशु तिवारी, विनोद गेलानी, मनोहर डिगवानी, राजा तिवारी, हरिओम गुप्ता, मनीष तिवारी, नरेंद्र चंद डब्बू गुप्ता, हर्ष जैसवाल, मगनलाल बाल्मिकी, महेन्द्र पांडेय सहित हजारों की संख्या में विहिप बजरंग दल मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के साथ कृष्ण भक्त शामिल हुए ।



# जन्माष्टमी के अवकाश में भी दिनभर सक्रिय रहे निगमायुक्त

- समीक्षा के बाद ग्राउंड पर परखी विकास परियोजनाओं की स्थिति, व्यावहारिक कठिनाइयों के शीघ्र निराकरण पर जोर

नवभारत न्यूज


**सतना 4 सितंबर, जन्माष्टमी के अवकाश के दिन भी आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा नगर निगम की योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं की समीक्षा और मैदानी निरीक्षण में दिनभर सक्रिय रहे।**

उन्होंने योजना शाखा एवं स्मार्ट सिटी की समीक्षा बैठकों में योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद परियोजनाओं की मैदानी स्थिति देखने निकले और विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने सबसे पहले योजना शाखा की समीक्षा बैठक लेकर नगर निगम द्वारा क्रियान्वित सभी योजनाओं की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ बैठक कर संचालित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नए प्रोजेक्ट्स के साथ ही भविष्य के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं की भी विस्तृत जानकारी ली और विभिन्न पहलुओं पर अधिकारियों से चर्चा की। बैठकों के बाद आयुक्त ने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की मैदानी स्थिति देखने निकले। सबसे पहले उन्होंने मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंचकर निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न खेलों से संबंधित निर्माण कार्यों एवं विकसित की जा रही सुविधाओं की एक-एक कर जानकारी ली तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**नगर वन की देखीं व्यवस्थाएं** - इसी कड़ी में आयुक्त नेक्टर झील पहुंचे। उन्होंने परियोजना स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों से परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की और मौके की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कठिनाइयां दूर करने पर जोर

दिनभर की समीक्षा और मैदानी निरीक्षण के अंतिम पड़ाव में आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा नवीन बस स्टैंड पहुंचे। उन्होंने बस स्टैंड की व्यवस्थाओं एवं संचालन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नवीन बस स्टैंड में शिफ्टिंग से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी ली और उनके शीघ्र निराकरण पर जोर दिया, ताकि शिफ्टिंग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



# इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया

नवभारत न्यूज

**सतना 4 सितंबर, अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ सतना के तत्वाधान में पन्ना रोड स्थित श्री राधा माधव ( इस्कान ) मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर भगवान श्री कृष्ण का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया.**

इस्कॉन प्रवक्ता मनोज दुबे अकेला ने बताया कि सुबह से ही मंदिर के पट दर्शनार्थियों के लिए खुले रहे द्य सारा दिन मंदिर परिसर में आध्यात्मिक गतिविधियां चलती रही द्य मंगला आरती, श्रंगार आरती, भोग आरती, संध्या आरती, तुलसी और गौर आरती के समय भगवान के नयनाभिराम छवि की झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं और भक्तों का तांता लगा रहा द्य लोग भाव विह्वल रोमांचित होकर अखिलेश्वर के दर्शन करते दिखे. जन्माष्टमी महोत्सव में युगल सरकार का अभिषेक भक्तों के लिए महत्त्वपूर्ण क्रिया होती है द्य शाम 7 से 8.30 तक सैकड़ों भक्तों ने पंचामृत आदि से अभिषेक किया द्य इस यादगार पल के लिए लोगों ने उपवास भी रखा था. जन्माष्टमी को यादगार बनाने के लिए इस्कॉन मंदिर से आए संतों द्वारा मनमोहक संकीर्तन का कार्यक्रम अनवरत चलता रहा द्व मृदंग,ढोल, मंजीरे, झांझ और करताल की थाप पर "हरे कृष्ण महामंत्र" धुन और सुमधुर संगीत की सुर लहरियां का प्रबल आकर्षण उपस्थित भक्तों को भाव विभोर होकर उन्मुक्त झूमने पर मजबूर कर दिया.

# केन्द्रीय जेल में हर्षोल्लास से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित



नवभारत न्यूज

**सतना 4 सितंबर, केन्द्रीय जेल सतना में भगवान श्रीकृष्ण का प्रकटोत्सव समारोह हर्ष उल्लास से मनाया गया। यह कार्यक्रम मानस पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामललाचार्य महाराज मानस पीठ खजुरीताल मैहर के सानिध्य में एवं विधायक विक्रम सिंह रामपुर बाघेलान, योगेश ताम्रकार महापौर के आतिथ्य में आयोजित हुआ।**

महापौर योगेश ताम्रकार सपत्नी इस समारोह में सम्मिलित रहे व इस कार्यक्रम में श्रीमती ममता पाण्डेय पूर्व महापौर भी उपस्थित रही। भगवान श्रीकृष्ण के प्रकटोत्सव में कृष्णा पाण्डेय शैलेन्द्र त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी सहित सतना शहर के अन्य समाज सेवी सम्मिलित हुए। जगद्गुरु रामललाचार्य को सम्मान व श्रद्धा एवं पुष्पों की बारिश के साथ कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह एवं अन्य जेल स्टॉफ व समाज सेवी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की गई। एवं जगद् गुरू श्री रामललाचार्य जी व उनके चरण पादुका का पूजन कर एवं पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के प्रकटोत्सव अवसर पर जगद्गुरू रामललाचार्य महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की कथा श्रवण कराई, उनके जीवन वृतांत से शिक्षा व प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। महाराज द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्राचीन काल से ही न केवल भारत में अपितु विश्व के अन्य विविध देशों में श्रीकृष्ण अराधना विविध रूपों में देखने को मिलती है। छान्दोग्य उपनिषद में वर्णन आता है कि श्रीकृष्ण ने तत्वदर्शन की शिक्षा अंगिरा ऋषि तथा मार्शल आर्ट की शिक्षा, संदीपनी ऋषि से प्राप्त की है।

# उफनते रपटे से बहे 2 लोगों के शव तीसरे दिन मिले,एसडीआरएफ ने चलाया था सर्च अभियान



नवभारत न्यूज

**सतना 4 सितंबर. जिले के उचेहरा क्षेत्र अंतर्गत मतरी पतौरा गांव के निकट करारी नदी पर बने रपटे को पार करने के दौरान बाइक समेत बहे दोनों लोगों के शव तीसरे दिन मिल गए.**

शुक्रवार की सुबह से ही एसडीआरएफ द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाते हुए लगभग 5 किमी के दायरे में तलाश की जा रही थी. एक व्यक्ति का शव घटनास्थल से 3 किमी तो दूसरे का शव 4 किमी दूर नदी पाया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरी गांव के निवासी राजकुमार लोधी पिता फूलचंद्र उम्र 34 वर्ष और पुष्पेंद्र लोधी पिता नरेंद्र उम्र 25 वर्ष की रिश्तेदारी में गमी हो गई थी. जिसके चलते वे अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने के लिए बुधवार को ग्राम पिपरी कला जा रहे थे. बताया गया कि जब बाइक सवार दोनों लोग ग्राम पंचायत मतरी पतौरा के निकट भरहुत मार्ग पर पहुंचे तो करारी नदी का पानी रपटे के ऊपर से बह रहा था. लेकिन इसके बावजूद भी उन्होंने बाइक को रपटे के पानी में उतार दिया. कुछ दूर आगे जाने पर पानी के तेज बहाव की वजह से उनकी बाइक असंतुलित हो गई और देखते ही देखते वे बाइक समेत फिसलते हुए नदी में जा गिरे. घटना होती देख ग्रामीणों ने फौरन पुलिस को सूचना दी. उचेहरा थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से खोजबीन प्रारंभ की. लेकिन गुरुवार को दिन भर जारी रही खोजबीन के बावजूद सफलता नहीं मिल पाई. इसी कड़ी में शुक्रवार की सुबह से एसडीआरएएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन आरंभ कर दिया. वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम उचेहरा सुभाष मिश्रा, तहसीलदार परमानंद तिवारी, थाना प्रभारी सतीष मिश्रा भी दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मुस्तैद हो गए.

### झाड़ियों में फंसा मिला शव

एसडीआरएएफ द्वारा की जा रही सर्चिंग के दौरान ग्रामीणों ने सूचना दी कि एक व्यक्ति का शव लगभग 4 किमी दूर झाड़ियों में फंसा नजर आ रहा है . मौके पर पहुंचकर जब शव को कब्जे में लिया गया तो मृतक की पहचान पुष्पेंद्र लोधी के तौर पर हुई . जिसे देखते हुए एसडीआरएफ ने सर्चिंग का दायरा बढ़ाते हुए 5 किमी तक कर दिया . काफी देर तक कड़ी मशक्कत करने के बाद रपटे से लगभग 3 किमी दूर राजकुमार का शव भी बरामद कर लिया गया . रपटे में बहे दोनों लोगों के शव बरामद होने की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया .

# विन्ध्य चेम्बर ने चित्रकूट बाढ़ पीड़ितों को 11 लाख की राहत सामग्री बांटी



नवभारत न्यूज

**सतना 4 सितंबर, चित्रकूट में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना द्वारा व्यापारिक संगठनों एवं व्यापारियों के सहयोग से लगभग 11 लाख रुपये की राहत सामग्री एकत्रित कर बाढ़ पीड़ितों के बीच वितरित की गई।**

अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर होते हुए चेम्बर ने इस राहत अभियान में जनरल मर्चेंट एसोसिएशन, रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ, सतना जिला शुगर एसोसिएशन, सेंट्रल सिंधी पंचायत, इलेक्ट्रिकल मर्चेन्ट एसोसिएशन, अभियंता एवं वास्तुविद् संघ, युवा व्यापारी युवक मण्डल कोठी सहित अन्य व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने बढ़चढ़ कर सहयोग प्रदान किया। विन्ध्य चेम्बर द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 32 प्रकार की घरेलू उपयोग की सामग्री से 800 राहत किट तैयार की गईं। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में बाल्टियां, साड़ियां, टी-शर्ट, बच्चों के कपड़े, शाल, कंबल, ब्रेड पाव, फल, सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। राहत सामग्री को 3 ट्रक एवं 7 कारों में लोडकर चित्रकूट ले जाया गया, जहां रामघाट ,क्योटा, लोसरिहा एवं अन्य क्षेत्रों तथा सतना के रगौली, कुंआ, एवं सोहास गांव में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित कर उन्हें सहयोग प्रदान किया गया।

# जिले के बाढ़ प्रभावित साढ़े 18 सौ परिवारों को 1 करोड़ 3 लाख की राहत स्वीकृत

## सर्वे के बाद आरबीसी एक्ट के तहत मिली राहत

नवभारत न्यूज

**सतना 4 सितम्बर, चित्रकूट में हाल ही में आई भीषण बाढ़ के बाद जनजीवन अब तेजी से सामान्य स्थिति की ओर लौटने लगा है। बाढ़ के दौरान जिन सड़कों पर करीब दो फीट तक गाद और मलबा जमा हो गया था, वहां अब सफाई के बाद आवागमन और चहल-पहल शुरू हो गई है। अब तक जिले में 1846 बाढ़ पीड़ित परिवारों को एक करोड़ 3 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई.**

जिला प्रशासन की टीमें पिछले कई दिनों से प्रभावित क्षेत्रों में लगातार मौजूद रहकर राहत, सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य, भोजन एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के कार्य में जुटी हुई हैं। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी चित्रकूट में रहकर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन की प्राथमिकता प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने के साथ-साथ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्र बहाल करना है। बाढ़ के बाद मुख्य मार्गों की सफाई का कार्य तेजी से पूरा करने के बाद अब नगर निगम सतना, नगर परिषदों एवं जनपद पंचायतों से आए अमले द्वारा चित्रकूट की गलियों और प्रभावित घरों में जमा मलबे एवं कचरे को हटाया जा रहा है।

### भरत घाट से हटाई गई गाद

भरत घाट क्षेत्र में भी मशीनरी एवं ट्रैक्टरों की मदद से मिट्टी और मलबा हटाया जा रहा है। चित्रकूट नगर के प्रभावित क्षेत्रों में सफाई अभियान को युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है, ताकि बाढ़ के बाद संक्रमण और जलजनित बीमारियों की आशंका को कम किया जा सके। सफाई के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। नयागांव सहित विभिन्न क्षेत्रों में दवा डालने और सैनिटाइजेशन का कार्य जारी है।

# कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर भाजपा कार्यालय में हुई संगोष्ठी



नवभारत न्यूज

**सतना 4 सितंबर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं संगठन शिल्पी स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी कार्यालय में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य विनोद यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार, पूर्व महापौर श्रीमती विमला पाण्डेय, श्रीमती ममता पाण्डेय, महामंत्री जयप्रताप गुप्ता की विशेष मौजूदगी में आयोजित संगोष्ठी में ब?ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री जयप्रताप गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती पाण्डेय ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और संगठन निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

# चित्रकूट में भोजन वितरण को लेकर जिला प्रशासन सख्त

**सतना 4 सितम्बर,** स्थानीय नगर पालिका प्रशासन चित्रकूट एवं जिला प्रशासन सतना के संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्तियों, संस्थाओं एवं समाजसेवियों द्वारा बिना सक्षम अधिकारियों को सूचित किए अथवा अनुमति प्राप्त किए तैयार भोजन के पैकेट का स्वविवेक से वितरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने इसे उचित नहीं मानते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था भोजन वितरण का कार्य न करे।

## एक नजर में



# बिरला ने सगमनिया में वितरित की बाढ़ राहत सामग्री


**सतना।** सगमनिया ग्राम में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता एवं राहत कार्यों में सहयोग के उद्देश्य से बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( ब्रष्टरु) के सीएसआर विभाग के सहयोग से राहत सामग्री वितरित की गई। इस पहल के तहत बाढ़ प्रभावित एवं जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक सामग्री समय पर पहुंचाने का प्रयास किया गया। राहत अभियान के अंतर्गत 30 बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए सूखी खाद्य सामग्री एवं राशन तथा पेयजल की बोतलों की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर आर .पी. सिंह, बिरला सिक्योरिटी इंचार्ज; संतोष पांडे, बिरला सिक्योरिटी मैनेजर; बिरला सीएसआर से अनामिका सिंह; ग्राम पंचायत सगमनिया के सरपंच मंजीत कुमार; आसरा संस्था से कुलदीप द्विवेदी, प्रिया सिंह एवं रोशनी चौधरी; एसएमजीवीएस से अंकिता सिंह तथा प्रजायत्ना संस्था से अमित सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया।




# सहायता के लिये उठे हाथ

**सतना।** जनरल मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा चित्रकूट बाड़ पीड़ितों की सहायता संस्था का एक प्रतिनिधि मंडल आज चैंबर ऑफ कॉमर्स से मिलकर चित्रकूट रवाना हुआ कई गांवों में जाकर पीड़ति परिवारों को दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्री मुहैया कराई इस मुश्किल घड़ी में पीड़ति परिवारों के साथ खड़े होना उनकी हिम्मत बढ़ाने वाला काम होता है संस्था ने अन्य सभी व्यापारिक 1 सामाजिक संस्थाओं से चित्रकूट बाढ़ आपदा पर सहयोग करने की अपील भी की है प्रतिनिधि मंडल में जेठानंद वाधवानी कमल मंघनानी राजेंद्र अग्रवाल मनोहरलाल वाधवानी गणेश वाधवानी 1 कई सदस्य शामिल हुए .

# जिला कोषालय ने पहुंचाई राहत सामग्री



**सतना।** चित्रकूट में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जिला कोषालय सतना की ओर से राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। जिला कोषालय अधिकारी सुशील मिश्रा के मार्गदर्शन में टीम ने चित्रकूट पहुंचकर प्रभावित परिवारों को आवश्यक सामग्री वितरित की। इस दौरान सतीश त्रिपाठी, मनीष तिवारी, विष्णु नारायण त्रिपाठी, प्रभात एवं केशव चित्रकूट पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग किया।

# पीसीसी रोड बही तो ग्रामीणों ने स्वयं किया जुगाड़, लकड़ी का बनाया अस्थाई पुल




नवभारत न्यूज

**सतना 4 सितंबर. गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए बनाई गई पीसीसी यानी प्लेन सीमेंट कांक्रीट रोड पहली ही बारिश में बह गई. मुख्य मार्ग बंद होने के कारण हो रही भारी परेशानी के बावजूद भी कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई.**

लिहाजा ग्रामीणों ने अपने बलबूते पर जुगाड़ करते हुए वहां पर लकड़ी का अस्थायी पुल बना दिया.

जिले के मझगवां जनपद मुख्यालय के ग्राम पंचायत भट्टन टोला में गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए पीसीसी रोड बनाई गई थी. बनाई गई सड़क के निर्माण की गुणवत्ता पर ग्रामीणों द्वारा सवाल खड़े किए गए तो 2024-25 में इसका निर्माण दोबारा कराया गया. हलांकि सड़क बनने से ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से संपर्क सुलभ हो गया. लेकिन एक स्थान पर अक्सर पानी आकर रुकने के कारण ग्रामीणों द्वारा वहां पर जल निकासी की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की जा रही थी. लेकिन क्रॉस ड्रैनेज की व्यवस्था किए बिना बनाई गई सड़क पंचायत विभाग के जिम्मेदार सही ठहराते नजर आए. जिसका नतीजा यह हुआ कि उक्त सड़क पहली बारिश भी नहीं झेल पाई और पानी के दबाव में पीसीसी रोड का लगभग 6 फीट से अधिक लंबाई का हिस्सा पानी में बह गया. इस घटना के चलते जहां गांव का संपर्क पूरी तरह कट गया और ग्रामीण भारी परेशानी से घिर गए. जिसे देख ग्रामीणों द्वारा सरपंच पति और पंचायत सचिव से गुहार लगाई.

दोनों ने स्थल निरीक्षण भी किया, लेकिन कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो पाई. जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने स्वयं मोर्चा संभाला और लकड़ी और पट्टे पर कील ठोंककर और उसे रस्सी से बांधते हुए एक अस्थायी पुल तैयार कर दिया. जिसकी वजह से जहां महिलाओं को आने-जाने में राहत मिली वहीं बच्चे भी विद्यालय पहुंचने लगे.

### गोद में उठाकर लाया गया मरीज

ग्राम पंचायत भट्टन टोला का मुख्य संपर्क मार्ग टूट जाने का खामियाजा ग्रामीणों को 27 अगस्त को उस वक्त उठाना पड़ा था . जब एक महिला का पैर टूट गया था . एंबुलेंस के गांव में नहीं पहुंच पाने के कारण परिजन महिला को गोद में उठाकर एंबुलेंस तक लेकर पहुंचे थे . इतना ही नहीं बल्कि अतिवृष्टि से गिरे घरों का सर्वे करने के लिए मझगवां हल्का पटवारी को भी अपनी बाइक बीच रास्ते में छोड़कर बहते पानी से गुजरने को मजबूर होना पड़ा था .

CMYK